17वीं वार्षिक प्रतिवेदन

2016-17

# सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी निधि ट्रस्ट

सीजीटीएमएसई



मानचित्र में छवि केवल संदर्भ के लिए है और मानचित्र स्केल पर नही है।

# विषय सूची


| क्र.सं. | विषय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | प्रेषण पत्र | 02 |
| 2. | अध्यक्ष का संदेश | 03 |
| 3. | न्यासी मंडल यथा नवम्बर 01, 2017 | 04 |
| 4. | 2016–17 के मुख्य आकर्षण | 06 |
| 5. | 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष में सी.जी.टी.एम.एस.ई. के कामकाज की रिपोर्ट | 10 |
| 6. | लेखा परीक्षक की रिपोर्ट | 38 |
| 7. | तुलन–पत्र और लेखा विवरण | 39 |




# प्रेषण पत्र

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फण्ड ट्रस्ट,
1002–1003, नमन सेंटर, 10वां तल,
सी–31, जी–ब्लाक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
बांद्रा (पूर्व), मुम्बई – 400051.

02 अगस्त, 2017

प्रति
अपर सचिव एवं विकास आयुक्त (एमएसएमई)
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार,
विकास आयुक्त (एमएसएमई) का कार्यालय,
निर्माण भवन, सातवाँ तल, ए विंग,
मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली – 110108

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
प्रधान कार्यालय :
सिडबी टावर, 15, अशोक मार्ग,
लखनऊ – 226001

प्रिय महोदय,

भारत सरकार और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (अवस्थापक) द्वारा निष्पादित ट्रस्ट की घोषणा के खण्ड 14.2 के निबंधनानुसार, मैं निम्नलिखित दस्तावेज एतद्वारा अग्रेषित कर रहा हूँ।

(i) 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष से संबंधित ट्रस्ट के लेखापरीक्षित लेखा व लेखापरीक्षा रिपोर्ट की एक प्रति, एवं

(ii) 31 मार्च, 2017 को समाप्ति अवधि हेतु सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ऋण गारंटी फण्ड ट्रस्ट के कार्यकलापों पर रिपोर्ट की प्रतिलिपि

भवदीय

ह/-
(प्रदीप ए. मालगांवकर)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थान : मुम्बई

# अध्यक्ष का वक्तव्य



अपनी स्थापना से 17 वर्ष के जीवनकाल में सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) ने स्वयं को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्षेत्र की इकाइयों को संपार्श्विक प्रतिभूति से मुक्त ऋण उपलब्ध कराने में मददगार संस्था के रूप में सुस्थापित किया है।

ट्रस्ट ने वित्तवर्ष 2016–17 में ₹1,25,000 करोड़ से अधिक के कुल ऋण के प्रति 25 लाख से अधिक गारंटियों का अनुमोदन प्रदान कर एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर पार किया है। सीजीटीएमएसई ने इस स्तर तक पहुँचने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है और इसके समस्त परिचालन अब ऑनलाइन हैं। अपनी परिचालनगत प्रक्रियाओं में सुधार करने तथा अपनी सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं को बेहतर सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए, ट्रस्ट ने अपनी प्रौद्योगिकी और अधिक उन्नत बनाई है, ताकि दक्षता बढ़ाई जा सके और ग्राहक सेवा बेहतर की जा सके।

वित्तवर्ष 2016–17 के दौरान, ट्रस्ट ने ₹19,931 करोड़ की राशि के कुल 4,52,127 गारंटी अनुमोदन दिए। संचयी रूप में, 31 मार्च, 2017 तक, 27,72,744 खातों के लिए ₹1,28,787 करोड़ के गारंटी अनुमोदन दिए गए।

यह ध्यान देने योग्य है कि एमएसई क्षेत्र के लिए ऋण की उपलब्धता पर सीजीटीएमएसई का सकारात्मक प्रभाव स्वीकार करते हुए, भारत सरकार ने इसकी समूह–निधि के प्रति प्रतिबद्धता मौजूदा ₹2,500 करोड़ से बढ़ाकर ₹7,500 करोड़ कर दी है। ट्रस्ट की ₹ 5,000 करोड़ की अतिरिक्त प्रतिबद्ध समूह–निधि का अंशदान पूर्णतः भारत सरकार करेगी।

सीजीटीएमएसई सदैव ही क्षेत्र की जरूरतों के प्रति सजग और सक्रिय रहा है। 31 दिसंबर, 2016 को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा की गई घोषणा के परिणामस्वरूप, ट्रस्ट ने अपनी ऋण गारंटी योजना की पहुँच बढ़ाने के उद्देश्य से प्रति उधारकर्ता गारंटी सुरक्षा के लिए पात्र ऋण राशि ₹100 लाख से बढ़ाकर ₹200 लाख कर दी। एसएमई क्षेत्र की सेवा में अपनी पहुँच के विस्तार के उपाय के रूप में, ट्रस्ट ने चुनिंदा गैर–बैंकिंग वित्त कंपनियों के लिए नए गारंटी उत्पाद तैयार किए।

सीजीटीएमएसई पूरे विश्व में समान गतिविधियों में संलग्न संस्थाओं के बीच विचारों और अनुभवों के आदान–प्रदान को सदैव प्रोत्साहन देता रहा है। वर्ष के दौरान, ट्रस्ट ने एशियन क्रेडिट सप्लीमेंटेशन इंस्टीट्यूशन कॉन्फेडरेशन (एसीएसआईसी) के सदस्यों के साथ सक्रिय विचार–विनिमय किया। एसीएसआईसी की सदस्य और इंडोनेशिया में राज्य के स्वामित्व वाली सबसे बड़ी अल्प ऋण गारंटी कंपनी "जामक्रिंडों" के एक दल तथा इंडोनेशिया के व्यापार मंत्रालय एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के अन्य प्रतिनिधियों ने अनुभव बाँटने के उद्देश्य से सीजीटीएमएसई का दौरा किया। जामक्रिंडों के साथ एक समझौता ज्ञापन निष्पादित किया गया, ताकि भविष्य में भी नियमित रूप से सार्थक विचार–विनिमय होता रहे और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान–प्रदान हो सके।

प्राथमिक ऋणदात्री संस्थाओं के अधिकारियों में बेहतर समझ विकसित करने तथा प्राथमिक ऋणदात्री संस्थाओं के परिचालन अधिकारियों को योजना के पहलुओं से परिचित कराने के अपने कार्य के हिस्से के रूप में, सीजीटीएमएसई ने विभिन्न केंद्रों पर अपनी सदस्य प्राथमिक ऋणदात्री संस्थाओं के अधिकारियों के लिए 14 जागरूकता कार्यशालाएँ आयोजित कीं। यह एक सतत कार्यक्रम है।

मुझे आशा है कि वित्तीय परिवेश में सीजीटीएमएसई द्वारा निभाई जा रही समर्थकारक की भूमिका नई पीढ़ी के उद्यमियों को उनकी उद्यम यात्रा में लाभान्वित करती रहेगी। सीजीटीएमएसई की यह भूमिका भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, समस्त सदस्य प्राथमिक ऋणदात्री संस्थाओं तथा अन्य राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय भागीदार एजेंसियों के समर्थन एवं सक्रिय सहयोग के बिना कदापि संभव नहीं हो सकती थी। सभी हितधारकों के समर्पित सहयोग के लिए मैं उनकी सराहना करता हूँ। मुझे दृढ़ विश्वास है कि इनके सतत एवं सक्रिय सहयोग से सीजीटीएमएसई नई ऊँचाइयों तक पहुँचेगा।

सादर

ह/-

मोहम्मद मुस्तफा, भा.प्र.से.
अध्यक्ष, सीजीटीएमएसई

स्थान : मुंबई
दिनांक : सितंबर 22, 2017

# सीजीटीएमएसई का न्यासी मंडल (01 नवम्बर, 2017 को स्थिति)



श्री मोहम्मद मुस्तफा, भाप्रसे
अध्यक्ष (पदेन)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
प्रधान कार्यालय : "सिडबी टावर",
15, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

श्री राम मोहन मिश्रा, भाप्रसे
उपाध्यक्ष (पदेन)
अपर सचिव व विकास आयुक्त (एमएसएमई)
सूक्ष्म, लघु और माध्यम उद्यम मंत्रालय
भारत सरकार, 'ए' विंग, सातवाँ तल,
निर्माण भवन, मौलाना आजाद रोड,
नई दिल्ली–110108





श्री राजीव ऋषि,
सदस्य (पद–पदेन),
अध्यक्ष, इंडियन बैंक एसोसिएशन और
अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
चंदर मुख, नरीमन प्वाइंट, मुम्बई–400051

श्री सुबोध कुमार, सदस्य सचिव
प्रमुख कार्यकारी अधिकारी
सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फण्ड ट्रस्ट,
1002–1003, नमन सेंटर, 10वां तल,
सी–31, जी–ब्लाक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
बांद्रा (पूर्व), मुम्बई–400051





पेरूसहान यूमम जमिनन क्रेडिट इंडोनेशिया (पेरूम जमक्रिन्डो) के साथ एमओयू हस्ताक्षर समारोह

CGTMSE




# 2016–17 के मुख्य आकर्षण


Plan
Do
Check
Act
$$$
Success
100%
IDEA
Solution
Research
Vision
Idea
Team
Target
A+B = C²+CX² / 3rx6
ARQ
1+2 — CBC
40%
10%
30%
50%
35%
70%
0%
68%
Target
Production
Key
A
B
C
D
E
F
G

# 2016–17 के मुख्य आकर्षण

## मूल निधि का अंशदान (₹ करोड़)




## 31 मार्च, 2017 को ऋणदात्री संस्थाओं की संरचना




## अनुमोदित गारंटियों की संचयी राशि (₹ करोड़)




## अनुमोदित गारंटियों की वर्षवार राशियाँ (₹ करोड़)



## वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान, शीर्षस्थ 5 सदस्य ऋणदात्री संस्थावार अनुमोदनों की संख्या तथा कुल अनुमोदनों का प्रतिशत




## वित्तीय वर्ष 2017 में सदस्य ऋणदात्री संस्थावार अनुमोदनों (राशि ₹ करोड़ में) की संख्या तथा कुल अनुमोदित राशि का प्रतिशत




## सदस्य ऋणदात्री संस्था–वार अनुमोदित राशियाँ (₹ करोड़)



# सीजीटीएमएसई के कार्यकलाप की रिपोर्ट मार्च 31, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए

## 1. सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी निधि ट्रस्ट की मूल निधि

1.1 इस ट्रस्ट की मूल निधि का अंशदान भारत सरकार और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) द्वारा 4:1 के अनुपात में किया गया है। इस ट्रस्ट की प्रतिबद्ध मूल निधि ₹2,500 करोड़ (अब बढ़ कर ₹7,500 करोड़) है, जिसका अंशदान भारत सरकार (₹2,000 करोड़) और सिडबी (₹500 करोड़) द्वारा किया जाना है। वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान, ट्रस्टो को इस मूल निधि के लिए ₹68.47 करोड़ प्राप्त हुए, जिसमें से भारत सरकार का योगदान ₹64.03 रहा, जबकि सिडबी ने ₹4.44 करोड़ प्रदान किए, जिससे मूल निधि की सकल धनराशि में दोनों का अलग–अलग योगदान क्रमशः ₹2,000 करोड़ और ₹500.00 करोड़ हो गया। ट्रस्ट की कुल प्रतिबद्ध मूल निधि 31 मार्च 2017 को ₹2,500 करोड़ थी, जो कि पूर्ण अंशदान है। इस मूल निधि में वर्ष–वार योगदान का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है :

1.2 भारत सरकार ने इस ट्रस्ट की वर्तमान प्रतिबद्ध मूल निधि ₹2,500 करोड़ से बढ़ा कर ₹7,500 करोड़ कर दी है। ₹5,000 करोड़ की अतिरिक्त प्रतिबद्ध मूल निधि पूर्णतः भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। इस प्रकार, ट्रस्ट की ₹7,500 करोड़ की संपूर्ण मूल निधि में, भारत सरकार और सिडबी का भाग, क्रमशः ₹7,000 करोड़ और ₹500 करोड़ होगा। ट्रस्ट को ₹5,000 करोड़ की अतिरिक्तः मूल निधि, वित्तीय वर्ष 2017–18 तथा वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान प्राप्त, होने की संभावना है।

**समूह निधि में अंशदान (₹ करोड़)**

| वित्तीय वर्ष | भारत सरकार | सिडबी | कुल |
|---|---|---|---|
| 2001 | 100.00 | 25.00 | 125.00 |
| 2002 | 100.00 | 25.00 | 125.00 |
| 2003 | 141.62 | 35.40 | 177.02 |
| 2004 | 192.00 | 51.84 | 243.84 |
| 2005 | 211.63 | 49.07 | 260.70 |
| 2006 | 200.00 | 50.00 | 250.00 |
| 2007 | 124.00 | 33.00 | 157.00 |
| 2008 | 198.00 | 47.50 | 245.50 |
| 2009 | 122.10 | 34.00 | 156.10 |
| 2010 | 135.91 | 30.50 | 166.41 |
| 2011 | 200.00 | 50.00 | 250.00 |
| 2012 | 1.00 | 1.23 | 2.23 |
| 2013 | 35.00 | 7.77 | 42.77 |
| 2014 | 74.99 | 18.75 | 93.74 |
| 2015 | 74.99 | 18.75 | 93.74 |
| 2016 | 24.74 | 17.75 | 42.49 |
| 2017 | 64.03 | 4.44 | 68.47 |
| **कुल** | **2,000.00** | **500.00** | **2,500.00** |

## 2. सदस्य ऋणदात्री संस्थाएँ

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशानुसार वर्ष 2012–13 से आरंभ हुए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के समामेलन के परिणामस्वरूप, वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक, गारंटी कवर प्राप्त करने वाले क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की संख्या 73 से घट कर 51 हो गई है। संशोधित पंजीकरणः मानदंडों के अनुसार, इन 51 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को, उनके गारंटी अनुमोदनों को जारी रखने के लिए ट्रस्ट के साथ पुनः पंजीकृत होना पड़ा। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, 51 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में से 23 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जो संशोधित पंजीकरण मानदंडों का अनुपालन करते थे, उन्हें ट्रस्ट की सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं के रूप में पुनःपंजीकृत कर लिया गया है। 31 मार्च, 2017 तक ट्रस्ट की कुल पात्र सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं की संख्या 106 है (अनुबंध–I), जिनमें 28 ऐसे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक–सदस्य ऋणदात्री संस्थाएँ है, जिनका हालाँकि ट्रस्ट में पुनः पंजीकरण नहीं हुआ है, किन्तु वे पहले गारंटी कवर प्राप्त कर चुकी हैं। वर्तमान में, 51 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 21 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 20 निजी क्षेत्र के बैंक, 5 विदेशी बैंक और 9 अन्य वित्तीय संस्थान ट्रस्ट से गारंटी कवर प्राप्त करने के लिए पात्र है।

## 3. ऋण गारंटी योजना के तहत परिचालन

3.1 31 मार्च 2017 की समाप्ति तक कुल 106 सदस्य ऋणदात्री संस्थाएँ गारंटी कवर प्राप्ते कर रही थीं। इस ट्रस्ट की स्थापना से लेकर 31 मार्च 2017 तक दिए गए गारंटी अनुमोदनों का वर्ष–वार विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है :

| वित्तीय वर्ष | सक्रिय सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं की संख्या | अनुमोदित ऋण सुविधाओं की संख्या | अनुमोदित गारंटियों की रकम (₹ करोड़) | अनुमोदित संचयर गारंटियां (₹ करोड़) | औसत आकार (₹ लाख) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000-01 | 9 | 951 | 6 | 6 | 0.63 |
| 2001-02 | 16 | 2,296 | 30 | 36 | 1.28 |
| 2002-03 | 22 | 4,955 | 59 | 94 | 1.18 |
| 2003-04 | 29 | 6,603 | 118 | 212 | 1.78 |
| 2004-05 | 32 | 8,451 | 267 | 539 | 3.16 |
| 2005-06 | 36 | 16,284 | 462 | 1,001 | 2.83 |
| 2006-07 | 40 | 27,457 | 705 | 1,705 | 2.56 |
| 2007-08 | 47 | 30,285 | 1,056 | 2,702 | 3.48 |
| 2008-09 | 57 | 53,708 | 2,199 | 4,824 | 4.09 |
| 2009-10 | 85 | 1,51,387 | 6,875 | 11,560 | 4.54 |
| 2010-11 | 106 | 2,54,000 | 12,589 | 23,846 | 4.95 |
| 2011-12 | 109 | 2,43,981 | 13,784 | 37,139 | 5.65 |
| 2012-13 | 117 | 2,88,537 | 16,062 | 52,600 | 5.57 |
| 2013-14 | 117 | 3,48,475 | 18,188 | 70,026 | 5.22 |
| 2014-15 | 119 | 4,03,422 | 21,275 | 90,446 | 5.27 |
| 2015-16 | 119 | 5,13,978 | 19,949 | 1,08,991 | 3.88 |
| 2016-17 | 106 | 4,52,127 | 19,931 | 1,28,787 | 4.41 |
| **31.03.2017 को संचयी आधार पर** | | **27,72,744** | **1,28,787** | | |

अन्तर्वर्ती निरस्तीकरणों/संशोधनों के कारण वास्तविक आंकड़ों में अंतर हो सकता है।

3.2 वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान, कुल 4,52,127 गारंटियों के लिए समग्रतः ₹19,931 करोड़ की धनराशि अनुमोदित की गई। संचयी रूप से, 31 मार्च 2017 तक कुल 27,72,744 खातों के लिए ₹1,28,787 करोड़ की गारंटी अनुमोदित की जा चुकी है। सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा ₹50 लाख से ऊपर के ऋणों के लिए जोखिम सहभागिता करने के कारण, वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान, जो औसत ऋण–आकार घट गया था, वह अब ₹3.88 लाख से बढ़ कर ₹4.41 लाख हो गया है। वित्तीय वर्ष 2016 में राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) के माध्यम से मुद्रा गारंटी योजना प्रारंभ होने के कारण, वित्तीय वर्ष 2016 तथा वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान गारंटी अनुमोदनों में कमी दिखाई दी। मुद्रा गारंटी योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2017 में परिचालन क्रमशः बढ़े हैं तथा इनसे एक सीमा तक सीजीटीएमएसई परिचालनों पर भी प्रभाव पड़ेगा। इस बीच, सीजीटीएमएसई ने गारंटी योजना में शामिल किए जाने वाले ऋण–आकार की वर्तमान सीमा को ₹1 करोड़ से बढ़ा कर ₹2 करोड़ कर दिया है।

## 4. सदस्य ऋणदात्री संस्था–वार कवरेज

4.1 वित्तीय वर्ष 2017 के लिए सदस्य ऋणदात्री संस्था–वार गारंटी कवरेज और 31 मार्च 2017 को संचयी कवरेज को **अनुबंध–II** में दिया गया है। वर्ष के दौरान, कवर किए गए प्रस्तावों की संख्या की दृष्टि से, क्रेडिट गारंटी योजना के तहत, पाँच शीर्षस्थ सदस्य ऋणदात्री संस्थाएँ इस प्रकार रहीं :

| क्र. सं. | सदस्य ऋणदात्री संस्था | प्रस्तावों की संख्या | अनुमोदित (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | केनरा बैंक | 79,370 | 2,44,604.04 |
| 2 | पंजाब नैशनल बैंक | 70,276 | 1,80,070.99 |
| 3 | बैंक ऑफ इंडिया | 42,867 | 2,69,880.58 |
| 4 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 42,791 | 1,16,589.05 |
| 5 | स्टेट बैंक ऑफ इंडिया | 38,819 | 2,27,675.34 |

4.2 31 मार्च, 2017 को शीर्ष पाँच बैंकों के लिए दिए गए गारंटी अनुमोदनों की संचयी स्थिति, इस प्रकार से है :

| क्र. सं. | सदस्य ऋणदात्री संस्था | प्रस्तावों की संख्या | अनुमोदित राशि (₹ लाख में) | % कुल अनुमोदित गारंटी (राशिवार) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय स्टेट बैंक | 4,08,105 | 19,99,410.97 | 16 |
| 2 | केनरा बैंक | 4,03,918 | 12,49,741.02 | 10 |
| 3 | बैंक ऑफ इंडिया | 3,11,867 | 18,34,875.65 | 14 |
| 4 | पंजाब नैशनल बैंक | 2,56,582 | 9,96,899.29 | 8 |
| 5 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 1,50,828 | 4,40,548.28 | 3 |

## 5. राज्य वार कवरेज

5.1 वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए, राज्यो–वार गारंटी कवरेज और 31 मार्च 2017 को संचयी कवरेज का विवरण, क्रमशः **अनुबंध–III** में दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान शीर्ष 5 राज्यों में दिए गए गारंटी अनुमोदनों की स्थिति इस प्रकार है :

| क्र. सं. | सदस्य ऋणदात्री संस्था | प्रस्तावों की संख्या | अनुमोदित राशि (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | 52,623 | 2,83,494.90 |
| 2 | तमिलनाडु | 49,000 | 1,85,823.62 |
| 3 | उत्तर प्रदेश | 48,954 | 1,68,528.05 |
| 4 | कर्नाटक | 46,229 | 2,27,845.08 |
| 5 | केरल | 38,194 | 97,313.01 |

5.2 यथा 31 मार्च 2017 तक पांच शीर्ष राज्यों में गारंटी के अनुमोदन की स्थिति संचयी रूप से निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | सदस्य ऋणदात्री संस्था | प्रस्तावों की संख्या | अनुमोदित राशि (₹ लाख में) | कुल अनुमोदित गारंटी (राशिवार) में से अनुमोदित राशि का % |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश | 3,08,884 | 12,59,152.28 | 10 |
| 2 | तमिलनाडु | 2,77,079 | 10,70,326.12 | 8 |
| 3 | केरल | 2,54,679 | 6,17,547.67 | 5 |
| 4 | कर्नाटक | 2,47,189 | 12,31,156.84 | 10 |
| 5 | महाराष्ट्र | 2,23,486 | 15,04,427.29 | 12 |

## 6. उद्योग–वार कवरेज

यथा 31 मार्च, 2017 को क्रेडिट गारंटी योजना के अंतर्गत गारंटीकृत मामलों का क्षेत्रवार विश्लेषण **अनुबंध–IV** में दिया गया है।

## 7. स्तर–वार कवरेज

वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान क्रेडिट गारंटी योजना के अंतर्गत स्तर–वार कवरेज के आँकड़े तथा यथा 31 मार्च, 2017 के संचयी आँकड़े **अनुबंध–V** में दिए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान अनुमोदित अधिकांश प्रस्ताव छोटे ऋणों से संबंधित थे। इस दौरान, 3,59,219 प्रस्तावों

के लिए ₹5,857 करोड़ का अनुमोदन प्रदान किया गया, जो ₹5 लाख तक के ऋणों से संबंधित थे और इस संख्याए की दृष्टि से, वित्तीय वर्ष 2017 के लिए अनुमोदित कुल गारंटियों का 79% है। वित्तीय वर्ष 2017 में अनुमोदित 4,52,127 प्रस्तावों की रकम ₹19,931 करोड़ है, इनमें से 1,75,554 प्रस्ताव (39%) ऐसे थे जो एक लाख रुपये तक के ऋणों से संबंधित थे; कुल 97,181 प्रस्ताव (21.49%) ऐसे थे जिनका क्रेडिट घटक ₹1,00,001 से ₹25 लाख के दायरे में था; 86,484 प्रस्ताव (19%) ₹2,00,001 से ₹50 लाख के दायरे में थे; 58,017 प्रस्ताव (13%) ₹5,00,001 से 10 लाख के दायरे में थे; 23,726 प्रस्ताव (5%) ₹10,00,001 से ₹25 लाख के दायरे में थे; 8,006 प्रस्ताव (2%) ₹25,00,001 से ₹50 लाख के दायरे में थे; और 3,071 प्रस्ताव (1%) ₹0.50 लाख से ₹200 लाख के ऊपरी वर्ग में थे।

## 8. कवर किए गए ऋणों का औसत आकार

वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान योजना के अंतर्गत कवर किए गए ऋणों का औसत आकार उल्लेखनीय रूप से बढ़ कर ₹4.41 लाख हो गया है जबकि विगत वर्ष की तदनुरूपी अवधि के दौरान यह आंकड़ा ₹3.88 लाख रूपये था। इसका मुख्य कारण न्यास द्वारा सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं से प्राप्त ₹50 लाख से अधिक की ऋण सुविधाओं वाले आवेदनों में कमी है। जबकि सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं के जोखिम के अंश को न्यास द्वारा बढ़ा कर 50% कर दिया गया है। मुद्रा गारंटी की शुरूआत के बाद सीजीटीएमएसई के औसत ऋण आकार में वृद्धि होने से इसके औसत आकार में वृद्धि होगी।

## 9. दावों का निपटान और समापन

वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान 38,628 आवेदन गारंटी के अप्रतिसंहरण (इनवोकेशन) और चूककर्ता कर्जदारों के प्रति किए गए दावों के निपटान के लिए प्राप्त हुए, जिनके लिए सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी निधि न्यास द्वारा गारंटी जारी की गई थी और यह गारंटी प्रभावी थी। वित्तीय वर्ष 2016 की समाप्ति पर पूर्व में दायर तथा निपटान के लिए लंबित आवेदनों तथा साथ ही वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान प्राप्त आवेदनों में से 39,605 इकाइयों के संबंध में किए गए दावे प्रथम किस्त हेतु पहले ही निपटाए जा चुके हैं, जिनकी राशि ₹1,034 करोड़ बनती है। 31 मार्च 2017 को, संचयी रूप से, ₹151 करोड़ के लिए 1884 इकाइयों के दावों को अस्वीकृत किया गया है और 457 इकाइयों के संबंध में ₹45.50 करोड़ के दावों को सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा वापस लिया जा चुका है।

## 10. दावेत्तर निपटान वसूलियाँ

वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान दावेत्तर निपटान वसूलियों में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान प्राप्त हुए ₹57.93 करोड़ के मुकाबले न्यास को इस खाते में वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान ₹125.50 करोड़ प्राप्त हुए। यह सुधार न्यास द्वारा दावेत्तर निपटान निगरानी प्रणाली पर ध्यान केंद्रित करने के कारण हो पाया है। इसके अतिरिक्त, न्यास द्वारा प्रौद्योगिकी मंच के माध्यम से वसूली जमा प्रक्रिया को स्वचालित कर दिया गया है जिसने सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं के लिए वसूली राशि के विप्रेषण की दिक्कतों को कम किया है। ट्रस्ट को इस प्रवृत्ति के जारी रहने की आशा है।

## 11. विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) का कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त अग्रिम निधि

विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) द्वारा हथकरघा क्षेत्र के कारीगरों को सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं से प्रदत्त ऋणों के लिए गारंटी शुल्क तथा वार्षिक सेवा शुल्क की पूर्ति हेतु ₹2.80 लाख की अग्रिम निधि सीजीटीएमएसई के पास रखी गयी थी। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) द्वारा रखी गयी इस निधि का न्यास द्वारा लगभग उपयोग कर लिया गया है। विकास आयुक्त (हथकरघा) द्वारा वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान ₹0.25 करोड़ की अतिरिक्त अग्रिम राशि, भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के हस्तशिल्प क्षेत्र को सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा प्रदत्त ऋणों के लिए गारंटी शुल्क तथा

वार्षिक सेवा शुल्क की पूर्ति हेतु रखी गई थी। वित्तीय वर्ष 17 में इस राशि में से 3,22,251 का उपयोग 117 गारंटीकृत मामलों के लिए किया गया है।

**12. विकास आयुक्त (हथकरघा) का कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार की अग्रिम निधि**

हथकरघा क्षेत्र के कारीगरों को सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा प्रदत्त ऋणों के संबंध में गारंटी शुल्क तथा वार्षिक सेवा शुल्क की पूर्ति हेतु विकास आयुक्त (हथकरघा) ने वित्तीय वर्ष 2011–12 में ₹82.50 लाख की अग्रिम निधि रखी थी। ₹82.50 लाख की उक्त राशि में ₹26.25 लाख की वह राशि भी शामिल है, जो वाराणसी और मुर्शिदाबाद के विशाल समूहों के हथकरघा बुनकरों के लिए गारंटी कवर संभव बनाने हेतु विकास आयुक्त (हथकरघा) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार से 23 दिसम्बर, 2011 को प्राप्त हुई थी। यथा 31 मार्च, 2017 को सीजीटीएमएसई ने विकास आयुक्त (हथकरघा) द्वारा रखी गई ₹82.50 लाख की अग्रिम निधि में से ₹74.62 का उपयोग कर लिया था। इसके लाभार्थियों की संख्या 39,939 थी।

# वित्तीय वर्ष 2017 की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ

## 13.1 मूल निधि में वृद्धि

भारत सरकार द्वारा न्यास की मौजूदा प्रतिबद्ध मूल निधि ₹2,500 करोड़ से बढ़ा कर ₹7,500 करोड़ की गयी थी। ₹5,000 करोड़ की प्रस्तावित अतिरिक्त मूल निधि पूरी तरह से भारत सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से दी जाएगी। भारत सरकार ने वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान अभी तक ₹1697 करोड़ का योगदान किया है। भारत सरकार द्वारा पूंजी मूल निधि देने से सीजीटीएमएसई की स्थिति सुदृढ़ होगी और इससे यह अपने परिचालनों को विस्तारित करने में और सक्षम बनेगा। भारत सरकार द्वारा मूल निधि में बढ़ोत्तरी करने से सीजीटीएमएसई, ऋण सीमा को ₹1 करोड़ से बढ़ाकर ₹2 करोड़ करने तथा गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी को गारंटी सुविधा देने में सक्षम हो पाया है।

## 13.2 गारंटी कवर की मात्रा में विस्तार और एनबीएफसी का समावेशन

31 दिसंबर, 2016 को भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा देश को किए गए अपने संबोधन में की गयी घोषणा के परिणामस्वरूप प्रति उधारकर्ता अधिकतम कवर की सीमा ₹100 लाख से बढ़ा कर ₹200 लाख की गई थी। साथ ही, ट्रस्ट ने चुनिंदा गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए नए गारंटी उत्पाद तैयार किए। ऐसा उसने सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) को सेवाएं देने की अपनी पहुंच को बढ़ाने के एक उपाय के तौर पर किया है।

## 13.3 29वां एसीएसआईसी सम्मेलन

सीजीटीएमएसई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने 23 से 25 नवंबर 2016 के दौरान बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित एशियाई क्रेडिट सप्लिमेंटेशन इंस्टीट्यूशन कॉन्फिडरेशन (एसीएसआईसी) के 29वें सम्मेलन में प्रतिभागिता की। इस सम्मेलन का केंद्रीय विषय "ऋण अनुपूरकता : उद्यमियों को तैयार करने की चुनौतियाँ" था। इसमें 12 देशों के 125 से अधिक प्रतिभागियों ने 16 गारंटी संगठनों का प्रतिनिधित्व किया। सीजीटीएमएसई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने भारत में सूक्ष्म ऋण देने की प्रासंगिकता और इसकी संवृद्धि पर एक प्रस्तुति दी, जिसे प्रतिभागियों द्वारा सराहा गया।

## 13.4 विदेशी प्रतिनिधिमंडल

जमक्रिनडो (एसीएसआईसी का एक सदस्य) और इंडोनेशिया के व्यापार मंत्रालय एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के प्रतिनिधियों में से छह व्यक्तियों के एक समूह ने सीजीटीएमएसई का दौरा किया। प्रतिभागियों के समक्ष क्रेडिट गारंटी योजना पर एक प्रस्तुति दी गयी। नियमित रूप से सार्थक संवाद एवं सर्वोत्तम पद्धतियों के आदान–प्रदान हेतु जमक्रिनडो के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) निष्पादित किया गया।

## 13.5 भारत के महालेखाकार एवं नियंत्रक द्वारा सीजीटीएमएसई

वर्ष के दौरान भारत के महालेखाकार एवं नियंत्रक कार्यालय (सीएजी) ने सीजीटीएमएसई ट्रस्ट की 31 मार्च, 2016 को समाप्त हुए तीन वर्षों की लेखा–परीक्षा की। सीएजी ने अपने निरीक्षण के भाग II-ए के अंतर्गत कोई बड़ी टिप्पणी नहीं की भाग II-बी के अंतर्गत अन्य टिप्पणियाँ/सुझाव में मुख्य रूप से ट्रस्ट के वसूली प्रयासों को सुदृढ़ बनाने तथा जोखिम के शमन के संबंध में थे।

# सीजीटीएमएसई द्वारा की गई अन्य पहल कदमियाँ

## 14.1 एमएलआई के साथ अनवरत विचार–विमर्श

सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं (एमएलआई) के बीच सीजीएस की बेहतर समझ प्रदान करने के लिए तथा योजना के प्रक्रियागत पक्षों के बारे में एमएलआई के परिचालनकर्ता अधिकारियों को जानकारी प्रदान करने के लिए सीजीटीएमएसई ने अपनी सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं के बैंक अधिकारियों के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया। ये आयोजन अंचल कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्रों आदि के स्तर पर किए गए। 2017 के दौरान सीजीटीएमएसई ने 14 जागरुकता कार्यक्रम/कार्यशाला/संगोष्ठी/बैठकें आदि आयोजित की/उनमें भाग लिया। उक्त कार्यशालाओं/बैठकों में सिडबी, सिन्डिकेट बैंक, देना बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इन्डिया, पंजाब नेशनल बैंक, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, ड्यूश बैंक, इन्डियन ओवरसीज बैंक आदि जैसी सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं शामिल थीं।

## 14.2 सिस्टम सुधार एवं प्रक्रिया सरलीकरण

सिस्टम में सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा दावों के निपटान के बाद वसूली विवरण प्राप्त करने का प्रावधान किया गया। इस ऑनलाइन माड्यूल ने सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं से वसूली की रसीद प्राप्ति की प्रक्रिया का स्वचालन कर दिया है। साथ ही, अयांत्रिक प्रक्रियाओं को खत्म करने के लिए सीजीटीएमएसई पोर्टल में नए मॉड्यूल बनाए गए हैं जिसमें सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं सीजीटीएमएसई के अंतर्गत कवर की गई ऋण सुविधाओं की अवधि तथा उधारकर्ताओं के विवरणों को संशोधित कर सकते हैं। इसी प्रकार, दावा आवेदन के भाग के रूप में घोषणा–पत्र एवं अभिवचन–पत्र को इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा करने के लिए नया मॉड्यूल बनाया गया है। इन कदमों ने सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं को परिचालनगत सुविधा प्रदान की है।

## 14.3 इलेक्ट्रॉनिक तरीके से गारंटी फीस की प्राप्ति

सॉफ्टवेयर में इस दृष्टि से सुधार किया गया कि ट्रस्ट को मिलने वाली वार्षिक शुल्क तथा गारंटी शुल्क एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से प्राप्त हो सके। जबकि वर्तमान में गारंटी शुल्क मांग ड्राफ्ट के जरिए प्राप्त होता है। सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा दावा निपटान के बाद वसूली को पारित करने की प्रक्रिया एवं निगरानी तथा निरीक्षण प्रक्रिया को भी स्वचालित कर दिया गया है।

## 14.4 पूछताछ मॉड्यूल

सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं के लाभ हेतु पूछताछ मॉड्यूल विकसित किया गया है। इससे ग्राहक सेवा में सुधार हुआ है और जवाबी समय में कमी आई। सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं अब कम प्रयास के ही हमारे वेबसाइट पर लॉगिन करने के बाद अपनी पृच्छा को प्रेषित कर सकती हैं और ट्रस्ट यह सुनिश्चित करता है कि समयबद्ध तरीके से उन पृच्छाओं का उत्तर दिया जाए।

# ऋण गारंटी योजना परिचालनों का समग्र प्रभाव

ऋण गारंटी प्रदत्त सूक्ष्म और लघु उद्यमों का में पण्यावर्त, निर्यात और रोजगार की दृष्टि से अर्थव्यवस्था पर सीजीटीएमएसई के परिचालनों का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जैसाकि निम्न तालिका से दृष्टव्य है :

| | यथा 31.03.2017 | यथा 31.03.2016 |
|---|---|---|
| संचयी अनुमोदित गारंटियाँ (संख्या में) | 27,72,744 | 23,23,673 |
| ऋण राशि (सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा प्रदत्त) (₹ करोड़) | 1,28,787 | 1,08,991 |
| गारंटीकृत इकाइयों का अनुमानित कुल कारोबार (₹ करोड़) | 10,18,285 | 8,67,019 |
| गारंटीकृत इकाइयों का अनुमानित निर्यात (₹ करोड़) | 7,762 | 7,291 |
| अनुमानित रोजगार सृजन (संख्या – लाख) | 90.61 | 77.22 |
| सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं की संख्या | 128 | 127 |
| अनुसूचित जाति/जनजाति (कुल गारंटी राशि का %) | 3.86 | 3.82 |
| महिला लाभार्थी (कुल गारंटी राशि का %) | 15.66 | 15.37 |
| अल्पसंख्यक (कुल गारंटी राशि का %) | 4.30 | 4.52 |
| उत्तर पूर्वी क्षेत्र (%) | 3.75 | 3.83 |
| कृपया नोट करें : मध्यवर्ती निरसनों / संशोधनों के कारण वास्तविक आँकड़े भिन्न हो सकते हैं। | | |

**मार्च 31, 2017 के अनुसार कुल अनुमोदित सख्या संचयी का प्रतिशत और श्रेणीवार अनुमोदित सख्या**




**मार्च 31, 2017 के अनुसार कुल अनुमोदित राशि (करोड में) संचयी का प्रतिशत और श्रेणीवार अनुमोदित राशि (करोड में)**



# लेखापरीक्षक

## लेखापरीक्षक

**सनदी लेखाकारों की फर्म** – मेसर्स एम. पी. चितले एंड कंपनी, मुम्बई को वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु सीजीटीएमएसई का आतंरिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया। उक्त लेखापरीक्षकों ने सम्पूर्ण कंप्यूटर प्रणाली की व्यापक समीक्षा की और राजस्व व्यय, निवेश और राजस्व आय को शामिल करते हुए वित्तीय लेखा परीक्षा भी की।

## लेखा

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की अनुशंसा के अनुरूप निदेशक मंडल ने सनदी लेखाकारों की फर्म – मेसर्स के. एस. संघवी एंड कंपनी, मुंबई को वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु सीजीटीएमएसई का सांविधिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया।

ट्रस्ट ने ₹1,159 करोड़ की सकल आय अर्जित की, जिसमें मुख्य रूप से गारंटी शुल्क (₹174 करोड़), वार्षिक गारंटी और सेवा शुल्क (₹428 करोड़), निवेशों पर अर्जित ब्याज (₹431 करोड़) और सदस्य ऋणदाता संस्थाओं से हुई वसूली (₹126 करोड़) शामिल है। ट्रस्ट ने विभिन्न परिचालनगत तथा प्रशासनिक व्ययों के प्रति ₹7 करोड़ (विगत वर्ष में हुए व्यय के समान ₹7 करोड़) की राशि व्यय की। वार्षिक प्रावधान वित्तीय वर्ष 2009 से ट्रस्ट की देयताओं के बीमांकक मूल्यांकनों के आधार पर किए जा रहे हैं। दावों के प्रावधान का मूल्यांकन बीमांकक द्वारा प्राप्त दावों और जारी की गई गारंटियों के बीच रिग्रेशन समीकरण के आधार पर किया गया है। इससे पहले प्रावधान सीजीटीएमएसई के न्यासी बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति पर आधारित होते थे। वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु प्रावधानों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

| विवरण | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|
| यथा 01 अप्रैल 2016 को अथशेष | 1,734.62 |
| घटाइए : वर्ष के दौरान अदा किए गए दावे | 1,062.27 |
| जोड़िए : वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान | 1,126.11 |
| यथा 31 मार्च 2017 को इतिशेष | 1,798.46 |

यथा 31 मार्च, 2017 को संचयी प्रावधान अनुमानित रूप से ₹1,798.46 करोड़ है। बीमांकक के मूल्यांकन के अनुसार दावों के प्रावधान के पश्चात आय से व्यय ₹26 करोड़ (टैक्स अदायगी से पूर्व) अधिक था।

वर्ष के दौरान, ट्रस्ट ने अपने संस्थापकों से ₹68.47 करोड़ का मूल निधि अंशदान प्राप्त किया। यह राशि, पूर्व में प्राप्त मूल निधि अंशदान और ट्रस्ट द्वारा अब तक अर्जित की गई निवल आय के साथ बैंकों / संस्थाओं की सावधि जमाओं में निवेश कर दी गई है। मूल निधि का आकार 31 मार्च, 2017 को ₹2,500 करोड़ था। 31 मार्च, 2017 को कुल निधि ₹4,611.94 करोड़ (उपचित ब्याज घटाकर) थी, जबकि पिछले वर्ष के अंत में यह ₹4,529.08 करोड़ थी। 31 मार्च, 2017 को वापसी योग्य मूल निधि उपचित ब्याज घटक को जोड़ने के पश्चात ₹4,928 करोड़ थी। 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के दौरान संचयी रूप से जारी गारंटियों की राशि ₹1,17,844 करोड़ थी।

# प्रबंध और संगठन

वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान न्यासी मंडल में सिडबी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पदेन अध्यक्ष के रूप में, अपर सचिव तथा विकास आयुक्त (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार पदेन उपाध्यक्ष के रूप में, भारतीय बैंक संघ के अध्यक्ष पदेन सदस्य के रूप में तथा सीजीटीएमएसई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सदस्य सचिव के रूप में शामिल थे। वर्ष 2016–17 के दौरान न्यासी मंडल की 5 बैठकें हुईं। यथा 31 मार्च, 2017 को मुख्य कार्यपालक अधिकारी सहित 5 अधिकारी सिडबी से सीजीटीएमएसई में प्रतिनियुक्ति पर थे।

सीजीटीएमएसई का न्यासी मंडल सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, विकास आयुक्त (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) का कार्यालय, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, सिडबी, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय बैंक संघ, सीजीटीएमएसई के सदस्य ऋणदाता संस्थान, विश्व बैंक, विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय संस्थाओं तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम उद्योग संघों से प्राप्त सहायता व सहयोग की सराहना करता है।

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट
न्यासी बोर्ड के लिए तथा की ओर से

ह/-
(अजय कुमार कपूर)
अध्यक्ष

स्थान : मुम्बई
दिनांक : जुलाई 19, 2017

# अनुलग्नक





# अनुलग्नक - I

## सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी निधि ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई)

### वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं के नाम (यथा 31 मार्च, 2017)

### सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं की कुल संख्या – 106

## (क) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक

**(I) सार्वजनिक क्षेत्र बैंक (21)**

1 इलाहाबाद बैंक
2 आन्ध्रा बैंक
3 बैंक ऑफ बड़ौदा
4 बैंक ऑफ इन्डिया
5 बैंक ऑफ महाराष्ट्र
6 केनरा बैंक
7 सेन्ट्रल बैंक ऑफ इन्डिया
8 कॉरपोरेशन बैंक
9 देना बैंक
10 आईडीबीआई बैंक लि.
11 इन्डियन बैंक
12 इन्डियन ओवरसीज बैंक
13 ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स
14 पंजाब एवं सिन्ध बैंक
15 भारतीय स्टेट बैंक
16 पंजाब नैशनल बैंक
17 सिन्डिकेट बैंक
18 यूको बैंक
19 यूनियन बैंक ऑफ इन्डिया
20 यूनाइटेड बैंक ऑफ इन्डिया
21 विजया बैंक

**(II) निजी क्षेत्र के बैंक (20)**

1 एक्सिस बैंक लि.
2 सिटी यूनियन बैंक
3 डेवलपमेंट क्रेडिट बैंक लि.
4 एचडीएफसी बैंक लि.
5 आईसीआईसीआई बैंक लि.
6 इन्डसइंड बैंक लि.
7 आईडीएफसी बैंक लि.
8 कर्णाटक बैंक लि.
9 कोटक महिन्द्रा बैंक लि.
10 लक्ष्मी विलास बैंक
11 तमिलनाड मर्केन्टाइल बैंक लि.
11 द धनलक्ष्मी बैंक लि.
13 द फेडरल बैंक लि.
14 द जम्मू एवं कश्मीर बैंक लि.
15 द करूर वैश्य बैंक लि.
16 द नैनीताल बैंक लि.
17 द रत्नाकर बैंक लि.
18 द साउथ इन्डियन बैंक लि.
19 यस बैंक लि.
20 कैथोलिक सीरियन बैंक लि.

**(III) विदेशी बैंक (5)**

1 बर्कलेज बैंक पीएलसी
2 बैंक ऑफ बहरीन एवं कुवैत
3 डॉयचे बैंक
4 डीबीएस बैंक
5 स्टैन्डर्ड चार्टर्ड बैंक

## (ख) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (51)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | इलाहाबाद यूपी ग्रामीण बैंक | 27 | मेघालय ग्रामीण बैंक |
| 2 | आन्ध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक | 28 | मिजोरम ग्रामीण बैंक |
| 3 | आन्ध्र प्रगति ग्रामीण बैंक | 29 | नर्मदा झबुआ ग्रामीण बैंक |
| 4 | असम ग्रामीण विकास बैंक | 30 | उड़ीशा ग्राम्य बैंक |
| 5 | बंगीय ग्रामीण विकास बैंक | 31 | पल्लवन ग्रामीण बैंक |
| 6 | बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक | 32 | पांड्यन ग्राम बैंक |
| 7 | बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 33 | प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक |
| 8 | बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक | 34 | प्रथम बैंक |
| 9 | बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 35 | पुडुवई भरथियार ग्रामीण बैंक |
| 10 | सेन्ट्रल मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक | 36 | पंजाब ग्रामीण बैंक |
| 11 | चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक | 37 | पूर्वांचल ग्रामीण बैंक |
| 12 | छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक | 38 | राजस्थान मरुधारा ग्रामीण बैंक |
| 13 | देना गुजरात ग्रामीण बैंक | 39 | सप्तगिरि ग्रामीण बैंक |
| 14 | ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावत | 40 | सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक |
| 15 | हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक | 41 | सर्व यूपी ग्रामीण बैंक |
| 16 | जम्मू एवं कश्मीर ग्रामीण बैंक | 42 | सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक |
| 17 | झारखंड ग्रामीण बैंक | 43 | सतलज ग्रामीण बैंक |
| 18 | कर्णाटक विकास ग्रामीण बैंक | 44 | तेलंगाना ग्रामीण बैंक |
| 19 | काशी गोमती संयुक्त ग्रामीण बैंक | 45 | त्रिपुरा ग्रामीण बैंक |
| 20 | कावेरी ग्रामीण बैंक | 46 | उत्कल ग्रामीण बैंक |
| 21 | केरला ग्रामीण बैंक | 47 | उत्तरबंग क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक |
| 22 | लंग्पी देहांगी ग्रामीण बैंक | 48 | उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक |
| 23 | मध्य बिहार ग्रामीण बैंक | 49 | उत्तराखंड ग्रामीण बैंक |
| 24 | मध्यांचल ग्रामीण बैंक | 50 | वनांचल ग्रामीण बैंक |
| 25 | महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक | 51 | विदर्भ कोंकण ग्रामीण बैंक |
| 26 | मालवा ग्रामीण बैंक | | |

## (ग) ऋणदात्री संस्थाएं (9 )

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश राज्य वित्तीय निगम | 6 | पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि. |
| 2 | दिल्ली वित्तीय निगम | 7 | भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक |
| 3 | जम्मू एवं कश्मीर विकास वित्त निगम लि. | 8 | द तमिलनाडु उद्योग निवेश निगम लि. |
| 4 | केरल वित्तीय निगम | 9 | भारतीय आयात निर्यात बैंक |
| 5 | राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लि. | | |

***टिप्पणी**: 1. वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दृष्टांत वित्त वर्ष 2012–13 की शुरूआत से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की संख्या के समामेलन के परिणामस्वरूप, वर्तमान वित्त वर्ष की समाप्ति पर आरआरबी की कुल संख्या 73 से घटकर 51 पहुंच गई है। 2. भारतीय स्टेट बैंक के सभी छह सहयोगी बैंक (भारतीय महिला बैंक लि., एसबीबीजे, एसबीपी, एसबीएम, एसबीएच, एसबीटी) भी इसके साथ विलय हो गए हैं। 3. आईएनजी वैश्य बैंक लि. का कोटक महिन्द्रा बैंक लि. के साथ विलय हो गया है।

# अनुलग्नक - II

## सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी निधि ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई)

वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान सदस्य ऋणदात्री संस्था–वार अनुमोदित गारंटियां तथा यथा 31 मार्च 2017 तक का संचयी

| क्र. सं. | सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं | वित्तीय वर्ष 2016–17 | | संचयी | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रस्ताव | अनुमोदित राशि (₹ लाख) | प्रस्ताव | अनुमोदित राशि (₹ लाख) |
| 1 | इलाहाबाद बैंक | 11,322 | 52,651.40 | 86,315 | 3,59,512.03 |
| 2 | इलाहाबाद यूपी ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 2,759 | 5,839.51 |
| 3 | आन्ध्रा बैंक | 4,958 | 24,805.28 | 28,330 | 98,025.08 |
| 4 | आन्ध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक | 2,065 | 1,231.29 | 6,453 | 3,800.53 |
| 5 | आंध्र प्रदेश राज्य वित्तीय निगम | 5 | 140.76 | 73 | 2,509.08 |
| 6 | आन्ध्र प्रगति ग्रामीण बैंक | 1,559 | 1,878.19 | 8,136 | 6,631.11 |
| 7 | आर्यावर्त ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 2,191 | 8,918.39 |
| 8 | असम ग्रामीण विकास बैंक | 0 | 0.00 | 8,483 | 20,324.90 |
| 9 | एक्सिस बैंक लि. | 688 | 24,026.24 | 2,484 | 91,031.08 |
| 10 | बैतरणी ग्राम्य बैंक | 0 | 0.00 | 2,097 | 7,200.06 |
| 11 | बलिया इटावा ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 430 | 117.31 |
| 12 | बंगीय ग्रामीण विकास बैंक | 0 | 0.00 | 2,722 | 8,661.09 |
| 13 | बैंक ऑफ बड़ौदा | 11,546 | 67,383.10 | 91,043 | 6,33,250.02 |
| 14 | बैंक ऑफ इन्डिया | 42,867 | 2,69,880.58 | 3,11,867 | 18,34,875.65 |
| 15 | बैंक ऑफ महाराष्ट्र | 4,713 | 22,887.21 | 25,966 | 2,22,992.75 |
| 16 | बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 132 | 866.10 |
| 17 | बड़ौदा राजस्थान ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 46 | 376.40 |
| 18 | बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक | 140 | 602.38 | 3,737 | 10,443.52 |
| 19 | भारतीय महिला बैंक लि. | 297 | 1,440.02 | 1,020 | 5,997.78 |
| 20 | बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 845 | 2,906.28 |
| 21 | केनरा बैंक | 79,370 | 2,44,604.04 | 403,918 | 12,49,741.02 |
| 22 | सेन्ट्रल बैंक ऑफ इन्डिया | 4,993 | 33,247.17 | 71,604 | 4,30,155.21 |
| 23 | चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 69 | 92.78 |
| 24 | छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक | 1,510 | 524.86 | 6,948 | 4,420.98 |
| 25 | सिटी यूनियन बैंक | 23 | 446.24 | 1,332 | 12,941.62 |
| 26 | कॉरपोरेशन बैंक | 9,438 | 47,428.99 | 52,822 | 3,08,796.38 |
| 27 | दिल्ली वित्तीय निगम | 0 | 0.00 | 634 | 1,455.03 |
| 28 | देना बैंक | 4,509 | 24,856.04 | 25,552 | 1,31,842.85 |
| 29 | देना गुजरात ग्रामीण बैंक | 20 | 47.35 | 222 | 571.21 |
| 30 | डॉयचे बैंक | 1,920 | 58,101.10 | 7,110 | 2,16,652.73 |
| 31 | भारतीय आयात निर्यात बैंक | 4 | 215.00 | 17 | 738.00 |
| 32 | गुडगांव ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 122 | 224.64 |
| 33 | हड़ौती क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 44 | 180.60 |
| 34 | हरियाणा ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 120 | 243.24 |
| 35 | एचडीएफसी बैंक लि. | 1,425 | 52,210.11 | 5,181 | 1,56,800.77 |
| 36 | हिमाचल ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 631 | 6,172.52 |
| 37 | आईसीआईसीआई बैंक लि. | 49 | 1,592.22 | 893 | 6,768.16 |
| 38 | आईडीबीआई बैंक लि. | 1,021 | 10,432.29 | 3,833 | 65,520.84 |

| क्र. सं. | सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं | वित्तीय वर्ष 2016–17 | | संचयी | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रस्ताव | अनुमोदित राशि (₹ लाख) | प्रस्ताव | अनुमोदित राशि (₹ लाख) |
| 39 | आईडीएफसी बैंक लि. | 16 | 1,182.50 | 16 | 1,182.50 |
| 40 | इन्डियन बैंक | 13,404 | 46,230.66 | 45,058 | 1,37,934.21 |
| 41 | इन्डियन ओवरसीज बैंक | 14,585 | 63,426.72 | 1,36,408 | 6,21,720.09 |
| 42 | इन्डसइंड बैंक लि. | 0 | 0.00 | 4 | 60.88 |
| 43 | आईएनजी वैश्य बैंक लि. | 0 | 0.00 | 105 | 3,084.78 |
| 44 | जम्मू एवं कश्मीर ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 20 | 109.28 |
| 45 | जयपुर थार ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 1,116 | 292.67 |
| 46 | जम्मू एवं कश्मीर विकास वित्त निगम लि. | 1 | 30.00 | 3 | 75.00 |
| 47 | झारखंड ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 404 | 1,857.09 |
| 48 | कर्णाटक बैंक लि. | 4,890 | 28,911.94 | 25,923 | 1,36,279.11 |
| 49 | कर्णाटक विकास ग्रामीण बैंक | 779 | 2,650.20 | 14,225 | 30,133.71 |
| 50 | काशी गोमती संयुक्त ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 2,809 | 6,108.13 |
| 51 | कावेरी ग्रामीण बैंक | 229 | 863.45 | 484 | 1,681.01 |
| 52 | केरल वित्तीय निगम | 1 | 20.00 | 267 | 2,528.06 |
| 51 | केरल ग्रामीण बैंक | 513 | 764.95 | 19,294 | 29,548.04 |
| 54 | कोटक महिन्द्रा बैंक लि. | 61 | 2,314.91 | 195 | 7,318.67 |
| 55 | लक्ष्मी विलास बैंक | 86 | 1,538.28 | 275 | 4,365.74 |
| 56 | लंग्पी देहांगी ग्रामीण बैंक | 66 | 283.30 | 604 | 1,495.48 |
| 57 | मध्य भारत ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 49 | 73.77 |
| 58 | मध्य बिहार ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 855 | 3,176.56 |
| 59 | एमजीबी ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 93 | 158.02 |
| 60 | मिजोरम ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 423 | 1,452.93 |
| 61 | नैनीताल अल्मोड़ा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 11 | 66.26 |
| 62 | नर्मदा मालवा ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 91 | 240.40 |
| 63 | राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लि. | 0 | 0.00 | 176 | 1,458.57 |
| 64 | नीलाचल ग्राम्य बैंक | 0 | 0.00 | 5,633 | 18,921.19 |
| 65 | उत्तर पूर्व विकास वित्त निगम लि. | 0 | 0.00 | 14 | 240.50 |
| 66 | ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स | 4,930 | 43,620.53 | 29,291 | 2,58,473.41 |
| 67 | पल्लवन ग्रामीण बैंक | 1,012 | 491.33 | 1,593 | 728.62 |
| 68 | पांड्यन ग्राम बैंक | 2,725 | 2,695.07 | 5,367 | 5,985.99 |
| 69 | पर्वतीय ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 332 | 1,814.16 |
| 70 | प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक | 3,088 | 4,076.79 | 5,804 | 6,297.52 |
| 71 | प्रथम बैंक | 34 | 172.40 | 3,642 | 10,646.88 |
| 72 | पंजाब एवं सिन्ध बैंक | 3,512 | 12,307.02 | 16,370 | 52,293.98 |
| 73 | पंजाब नैशनल बैंक | 70,276 | 1,80,070.99 | 2,56,582 | 9,96,899.29 |
| 74 | पूर्वांचल ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 14,966 | 23,702.35 |
| 75 | राजस्थान ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 136 | 517.01 |
| 76 | ऋषिकुल्य ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 9 | 41.86 |
| 77 | समस्तीपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 309 | 964.07 |
| 78 | सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक | 182 | 602.29 | 1,364 | 2,927.57 |
| 79 | सर्व यूपी ग्रामीण बैंक | 2,328 | 1,889.49 | 5,972 | 5,464.54 |
| 80 | सतपुरा नर्मदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 433 | 833.48 |

| क्र. सं. | सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं | वित्तीय वर्ष 2016–17 | | संचयी | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रस्ताव | अनुमोदित राशि (₹ लाख) | प्रस्ताव | अनुमोदित राशि (₹ लाख) |
| 81 | सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक | 2 | 11.68 | 189 | 1,323.20 |
| 82 | शारदा ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 64 | 216.71 |
| 83 | श्रेयस ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 157 | 286.20 |
| 84 | भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक | 124 | 5,979.21 | 5,768 | 1,33,519.84 |
| 85 | स्टैन्डर्ड चार्टर्ड बैंक | 175 | 6,882.25 | 1,540 | 40,782.65 |
| 86 | स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर | 3,992 | 22,398.74 | 28,210 | 1,06,397.49 |
| 87 | स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद | 5,223 | 20,947.19 | 21,666 | 93,686.50 |
| 88 | भारतीय स्टेट बैंक | 38,819 | 2,27,675.34 | 4,08,105 | 19,99,410.97 |
| 89 | स्टेट बैंक ऑफ मैसूर | 2,433 | 17,668.82 | 19,192 | 1,26,542.96 |
| 90 | स्टेट बैंक ऑफ पटियाला | 1,834 | 10,937.75 | 20,991 | 1,41,428.43 |
| 91 | स्टेट बैंक ऑफ ट्रावणकोर | 7,539 | 33,515.83 | 38,028 | 1,55,509.48 |
| 92 | सतलज ग्रामीण बैंक | 60 | 30.62 | 134 | 56.81 |
| 93 | सिन्डिकेट बैंक | 25,661 | 1,28,081.33 | 115,374 | 5,62,187.20 |
| 94 | तमिलनाड मर्केन्टाइल बैंक लि. | 370 | 2,142.34 | 1,735 | 14,607.15 |
| 95 | तेलंगाना ग्रामीण बैंक | 219 | 275.66 | 418 | 682.63 |
| 96 | दि बैंक ऑफ राजस्थान लि. | 0 | 0.00 | 45 | 10.81 |
| 97 | दि धनलक्ष्मी बैंक लि. | 21 | 442.41 | 112 | 2,144.49 |
| 98 | दि फेडरल बैंक लि. | 281 | 1,210.74 | 5,388 | 27,891.53 |
| 99 | दि जम्मू एवं कश्मीर बैंक लि. | 3,212 | 6,209.39 | 45,442 | 60,305.22 |
| 100 | दि करूर वैश्य बैंक लि. | 38 | 1,038.62 | 222 | 4,483.69 |
| 101 | दि नैनीताल बैंक लि. | 38 | 383.25 | 514 | 4,434.04 |
| 102 | दि साउथ इन्डियन बैंक लि. | 144 | 942.98 | 389 | 2,974.49 |
| 103 | दि तमिलनाडु उद्योग निवेश निगम लि. | 0 | 0.00 | 2,717 | 5,000.64 |
| 104 | त्रिपुरा ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 489 | 1,149.74 |
| 105 | त्रिवेणी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 4 | 45.35 |
| 106 | यूको बैंक | 8,661 | 24,148.83 | 72,331 | 2,85,196.49 |
| 107 | यूनियन बैंक ऑफ इन्डिया | 42,791 | 1,16,589.05 | 1,50,828 | 4,40,548.28 |
| 108 | यूनाइटेड बैंक ऑफ इन्डिया | 832 | 9,581.24 | 45,677 | 2,02,429.64 |
| 109 | उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक | 228 | 518.71 | 1,347 | 3,148.74 |
| 110 | उत्तरांचल ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 588 | 2,788.01 |
| 111 | उत्तरबंग क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 1,055 | 1,470.95 |
| 112 | वनांचल ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 2,642 | 7,094.69 |
| 113 | विदर्भ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 275 | 610.75 |
| 114 | विजया बैंक | 2,200 | 17,601.26 | 17,511 | 1,43,394.50 |
| 115 | वैनगंगा कृष्णा ग्रामीण बैंक | 0 | 0.00 | 545 | 3,581.13 |
| 116 | यस बैंक लि. | 70 | 3,161.00 | 146 | 6,631.50 |
| | **कुल** | **4,52,127** | **19,93,148.91** | **27,72,744** | **1,28,78,723.48** |

* अन्तर्वर्ती निरस्तीकरणों/संशोधनों के कारण वास्तविक आंकड़ों में अंतर हो सकता है।

# अनुलग्नक - III

## सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी निधि ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई)

### वित्तीय वर्ष 2017 (यथा 31 मार्च 2017) के दौरान अनुमोदित गारंटियां की राज्य–वार रिपोर्ट तथा संचयी

| क्र॰ सं॰ | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम | वित्तीय वर्ष 2017 | | संचयी | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रस्ताव | अनुमोदित राशि (₹ लाख) | प्रस्ताव | अनुमोदित राशि (₹ लाख) |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 393 | 2,288.63 | 2,215 | 11,379.99 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 13,911 | 38,550.77 | 88,945 | 2,44,062.43 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 824 | 3,653.56 | 6,761 | 31,181.62 |
| 4 | असम | 10,934 | 42,725.43 | 92,720 | 3,14,219.44 |
| 5 | बिहार | 16,397 | 67,168.32 | 1,35,596 | 5,71,199.40 |
| 6 | चंडीगढ | 1,307 | 6,533.43 | 6,311 | 38,321.88 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 6,716 | 23,573.37 | 38,577 | 1,90,022.28 |
| 8 | दादरा एवं नागर हवेली | 67 | 1,414.64 | 487 | 11,161.58 |
| 9 | दमन एवं दीव | 60 | 1,025.71 | 420 | 9,916.59 |
| 10 | दिल्ली | 8,680 | 63,963.06 | 35,421 | 3,41,040.92 |
| 11 | गोवा | 2,036 | 11,603.38 | 16,838 | 1,02,129.90 |
| 12 | गुजरात | 15,985 | 1,15,046.56 | 1,07,699 | 8,75,598.70 |
| 13 | हरियाणा | 7,108 | 44,793.16 | 37,107 | 2,65,747.64 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 6,684 | 26,286.55 | 48,651 | 2,53,958.93 |
| 15 | जम्मू एवं कश्मीर | 5,557 | 15,733.11 | 64,318 | 1,39,990.68 |
| 16 | झारखंड | 15,106 | 92,006.12 | 1,07,617 | 6,30,149.82 |
| 17 | कर्नाटका | 46,229 | 2,27,845.08 | 2,47,189 | 12,31,156.84 |
| 18 | केरल | 38,194 | 97,313.01 | 2,54,679 | 61,7,547.67 |
| 19 | लक्ष द्वीप | 62 | 107.52 | 358 | 910.95 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 20,479 | 1,03,899.71 | 1,00,196 | 5,18,293.37 |
| 21 | महाराष्ट | 52,623 | 2,83,494.90 | 2,23,486 | 15,04,427.29 |
| 22 | मणिपुर | 878 | 3,338.81 | 6,314 | 20,184.60 |
| 23 | मेघालय | 1,068 | 4,277.82 | 7,982 | 35,452.26 |
| 24 | मिजोरम | 545 | 2,725.69 | 3,900 | 15,234.00 |
| 25 | नागालैंड | 1,432 | 4,786.24 | 6,638 | 22,368.85 |
| 26 | ओड़िशा | 18,950 | 79,508.54 | 129,239 | 5,31,228.53 |
| 27 | पुड्डुचेरी | 979 | 2,354.18 | 4,747 | 15,660.76 |
| 28 | पंजाब | 11,916 | 42,757.49 | 61,864 | 3,24,267.89 |
| 29 | राजस्थान | 13,401 | 52,984.23 | 89,492 | 4,35,999.57 |
| 30 | सिक्किम | 292 | 1,467.19 | 2,088 | 8,823.15 |
| 31 | तमिलनाडु | 49,000 | 1,85,823.62 | 2,77,079 | 10,70,326.12 |
| 32 | तेलंगाना | 13,692 | 63,220.21 | 57,294 | 2,99,596.26 |
| 33 | त्रिपुरा | 866 | 3,043.61 | 10,299 | 35,126.01 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 48,954 | 1,68,528.05 | 3,08,884 | 12,59,152.28 |
| 35 | उत्तराखंड | 6,000 | 26,726.48 | 36,087 | 1,77,305.78 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 14,802 | 82,580.72 | 1,55,246 | 7,25,579.52 |
| | कुल | **4,52,127** | **19,93,148.90** | **27,72,744** | **1,28,78,723.50** |

* अन्तर्वर्ती निरस्तीकरणों/संशोधनों के कारण वास्तविक आंकड़ों में अंतर हो सकता है।

# अनुलग्नक - IV

## सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी निधि ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई)

### वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान क्षेत्र–वार अनुमोदित गारंटियां तथा यथा 31 मार्च 2017 तक का संचयी

| क्र॰ सं॰ | क्षेत्र का नाम | प्रस्ताव (संख्या) | अनुमोदित राशि (₹ लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | विनिर्माण एसएसआई | 8,56,605 | 55,71,840.16 |
| 2 | अमान्य | 92,243 | 3,04,951.61 |
| 3 | विनिर्माण | 11 | 234.65 |
| 4 | कॉफी, चाय, माटे एवं मसाले | 777 | 1,429.50 |
| 5 | मछली, कड़े खोल वाले जीव, सीप और अन्य जलीय अकशेरूकी जीव | 98 | 292.32 |
| 6 | रेलवे या ट्राम्वे रोलिंग स्टॉक के अलावा अन्य वाहन और उसके भाग एवं उपस्कर | 12,861 | 72,246.91 |
| 7 | सब्जियां, फलों, सूखे मेवों या पौधों के अन्य भागों से बने पदार्थ | 178 | 727.79 |
| 8 | पशु चारा तैयार करने वाले खाद्य उद्योगों के अवशेष और अपशिष्ट | 19 | 282.75 |
| 9 | कालीन और जमीन पर बिछाये जाने वाले अन्य कपड़ा उत्पाद | 217 | 577.71 |
| 10 | कताई उद्योग माल्ट स्टार्च इंसुलिन गेहूं लस के उत्पाद | 173 | 676.31 |
| 11 | औजार, उपकरण, छूरी, चम्मच और कांटा बेस धातु भाग एवं बेस धातु से बने उत्पाद | 114 | 688.25 |
| 12 | उर्वरक | 45 | 405.13 |
| 13 | एल्युमिनियम एवं इससे बनी वस्तुएं | 135 | 1,088.56 |
| 14 | साल्ट सल्फर अर्थ एवं स्टोन प्लास्टरिंग सामग्री चूना एवं सीमेंट | 80 | 636.27 |
| 15 | रेशम | 506 | 477.72 |
| 16 | जीवित पेड़ एवं अन्य प्लांट बल्ब, जड़ें और कट फ्लावर एवं सजावटी वनस्पति | 67 | 148.26 |
| 17 | फीके पदार्थ संशोधित स्टार्च लस एजांइम | 1 | 4.00 |
| 18 | तैयार पंख तथा पंखों से बनी वस्तुएं या कृत्रिम फल या मानव बालों से बनी वस्तुएं | 44 | 89.35 |
| 19 | जिंक एवं उसके उत्पाद | 2 | 8.80 |
| 20 | घड़ियां और उसके औजार | 17 | 21.65 |
| 21 | निकल व उसकी वस्तुएँ | 1 | 50.00 |
| 22 | विविध खाद्य पदार्थ | 885 | 2,723.33 |
| 23 | भेषजीय उत्पाद | 70 | 964.67 |
| 24 | लौह या इस्पात की वस्तुएँ | 247 | 2,452.22 |
| 25 | कॉफी, चाय, माटे तथा मसाले | 81 | 172.33 |
| 26 | स्ट्रा, एस्पार्टी या अन्य प्लेटिंग सामग्री से बनी बास्केटवेयर व विकरवर्क उत्पाद | 18 | 65.49 |
| 27 | नावें, बोट तथा तरणीय-संरचनाएँ | 13 | 350.81 |
| 28 | ऊन, पशुओं के परिष्कृत या अपरिष्कृत बाल, घोड़े के बाल, सूत (यार्न) तथा बुने-कपड़े | 6 | 21.65 |
| 29 | साबुन, जैविक सर्फेस एक्टिव एजेंट, धुलाई-सामग्री, लुब्रिकेटिंग-सामग्री, कृत्रिम मोम(वैक्स) | 49 | 249.59 |
| 30 | जीवित पशु | 21 | 144.27 |
| 31 | वाद्य–यंत्रों के पुर्जे तथा सहायक वस्तुएँ या इसी प्रकार की वस्तुएँ | 34 | 212.38 |
| 32 | कलात्मक वस्तुएँ, संग्रहणीय वस्तुएँ तथा प्राचीन वस्तुएँ | 50 | 197.23 |
| 33 | मॉस, मछली, क्रस्टेसियन, मॉलस्कस अन्य जलीय अकशेरुकी जीवों से बनी सामग्री | 11 | 38.84 |
| 34 | लाख गम, राल तथा अन्य सब्जियों के रस तथा अर्क | 6 | 38.92 |
| 35 | एसएसएसबीई | 17,61,106 | 66,51,339.07 |
| 36 | विविध विनिर्मित उत्पाद | 775 | 3,938.97 |

| क्र. सं. | क्षेत्र का नाम | प्रस्ताव (संख्या) | अनुमोदित राशि (₹ लाख) |
|---|---|---|---|
| 37 | कागज तथा पेपरबोर्ड, कागजी लुगदी या पेपरबोर्ड से बनी वस्तुएं | 401 | 3,059.93 |
| 38 | कलात्मक कार्य, संग्रहित वस्तुए एवं पुरानी चीजें | 149 | 434.51 |
| 39 | पशु या वनस्पति वसाएं और तेल एवं उसके अन्य संगत उत्पाद, तैयार खाद्य वसाएं, पशु या वनस्पति मोम | 42 | 366.33 |
| 40 | जूते–चप्पल, पैरों में पहने जाने वाली अन्य वस्तुएं एवं उनके भाग | 308 | 1,560.05 |
| 41 | तांबा व उससे बनी वस्तुएँ | 33 | 256.08 |
| 42 | सीसा/रांगा तथा उसकी वस्तुएँ | 5 | 91.75 |
| 43 | ऑप्टिकिल, फोटोग्राफिक, सिनेमैटोग्राफिक, मापतौल, चेकिंग, प्रिसिजन, मेडिकल, सर्जिकल उपकरण, उपकरण पार्ट तथा एसेसरीज | 202 | 1,341.13 |
| 44 | चर्म–शोधन या डाइंग अर्क तथा उनके व्युत्पन्न डाई, पिगमेंट, कलरिंग मैटर, पेंट, वार्निश पुट्टी, अन्य मैस्टिक्स स्याहियाँ (इंक) | 24 | 241.05 |
| 45 | मुद्रित पुस्तकें, समाचारपत्र, चित्र तथा मुद्रण उद्योग के अन्य उत्पाद, पांडुलिपियॉ, टाइपस्क्रिप्ट तथा प्लान्स | 247 | 2,292.31 |
| 46 | लौह तथा इस्पात | 113 | 1,153.59 |
| 47 | अनाज/धान्य, आटा, माढ़/स्टार्च या दूध से बनी चीजें, पेस्ट्री कुक्स उत्पाद | 145 | 1,109.69 |
| 48 | अत्यावश्यक तेल तथा रेसिनॉइड सुगंधपूर्ण कॉस्मेटिक्स या प्रसाधन/टॉयलेट वस्तुएँ | 46 | 220.04 |
| 49 | चमड़े की जीनसाजी तथा साजसज्जा ट्रेवल सामान, हैंडबैग तथा इसी प्रकार की पशु अंतडियों (रेशम के कीडे को छोड़कर) से बनी कंटेनर वस्तुएँ | 27 | 308.92 |
| 50 | सब्जियों, फलों, सूखे मेवों या पौधों के अन्य भागों से बने पदार्थ | 26 | 61.83 |
| 51 | मिलिंग उद्योग, जौ, माढ़ (स्टार्च) इन्युलिन, गेहूँ लस के उत्पाद | 36 | 326.23 |
| 52 | प्लास्टिक तथा उससे बनी वस्तुएँ | 138 | 2,513.04 |
| 53 | तंबाकू तथा विनिर्मित तंबाकू–विकल्प–चीजें | 81 | 32.79 |
| 54 | मॉस तथा मॉस की अवशिष्ट खाद्य सामग्री | 24 | 185.30 |
| 55 | अन्य वनस्पति टैक्सटाइल, फाइबर, पेपर, धागे, तथा पेपर यार्न के बुने हुए कपड़े | 16 | 217.79 |
| 56 | रबर तथा उससे बनी वस्तुएँ | 22 | 253.45 |
| 57 | बेस धातु के उपकरण, औजार, कटलरी, चम्मचें व छूरी–कॉटे व उनके बेस धातु के पार्ट | 25 | 290.13 |
| 58 | कोको तथा कोको की वस्तुएं | 6 | 15.00 |
| 59 | आप्टिकल, फोटोग्राफिक, सिनेमैटोग्राफिक, मापतौल, चेकिंग, प्रिसिजन, मेडिकल, सर्जिकल उपकरण, उपकरण भाग एवं उपस्कर | 486 | 2,627.82 |
| 60 | अन्य बनी बनाई टैक्सटाइल वस्तुंए, पहने हुए कपड़ें तथा टेक्सटाइल वस्तुएं | 509 | 1,739.92 |
| 61 | पशु उत्पत्तियों के उत्पाद जिनका अन्यथा कहीं उल्लेख नहीं किया गया हो या शामिल नहीं किया गया हो | 22 | 213.80 |
| 62 | भेषजीय उत्पाद | 170 | 2,222.79 |
| 63 | अन्य बेस धातु के सरमेट व उनसे बनी वस्तुएं | 40 | 145.26 |
| 64 | वेजिटेबल प्लेटिंग सामग्री उत्पाद जिनका कहीं उल्लेख नही हो या शामिल नहीं किया गया हो | 282 | 1,047.96 |
| 65 | कपास | 54 | 348.42 |
| 66 | अन्य बेस धातु के सरमेट व उनसे बनी वस्तुएं | 11 | 140.62 |

| क्र॰ सं॰ | क्षेत्र का नाम | प्रस्ताव (संख्या) | अनुमोदित राशि (₹ लाख) |
|---|---|---|---|
| 67 | चमड़ें की जीनसाजी तथा साजसज्जा ट्रेवल सामान, हैंडबैग तथा इसी प्रकार की प्शु अंतड़ियों (रेशम के कीड़ें को छोड़कर) से बनी कंटेनर वस्तुएं | 106 | 767.98 |
| 68 | मांस या मछली या क्रस्टेसियन, मॉलस्कस या अन्य जलीय अकशेरूकी जीवों से बनी सामग्री | 32 | 39.95 |
| 69 | रेलवे या ट्राम्वे रोलिंग स्टॉक, ट्राम–वे–ट्रैक फिक्सचर्स, फिटिंग्स एवं हिस्से, यांत्रिक, विद्युत–यांत्रिक ट्रैफिक सिग्नल उपकरण | 9 | 252.00 |
| 70 | लकड़ी तथा लकड़ी की वस्तुएँ लकड़ी–चारकोल | 304 | 1,001.54 |
| 71 | फर्नीचर, विस्तरें, दरियां, दरी सुपरऑर्ट, तकिया और समान भरी हुई वस्तुंए, लैम्प, लाइटिंग फिटिंग्स, प्रीफैब्रिकेटेड भवन | 210 | 1,318.05 |
| 72 | वस्त्र तथा परिधान ऐसेसरीज, जो बुनी हुई या क्रोशिया की हुई न हों | 193 | 693.83 |
| 73 | अनाज | 55 | 1,051.10 |
| 74 | विविध रासायनिक उत्पाद | 25 | 629.55 |
| 75 | विशेष ऊनी कपड़े, टफ्डेड टैक्सटाइल कपडे, फीते (लेस), कशीदाकारी ट्रिमिंग कढ़ाई (एम्ब्रॉयडरी) | 66 | 903.43 |
| 76 | परमाणु रिएक्टर, बॉयलर, उसकी मशीनरी तथा मैकेनिकल एप्लाएंस और उसके पुर्जे | 38 | 596.50 |
| 77 | फरखाल तथा चर्म को छोड़ कर कच्चा चमड़ा तथा खालें | 2 | 51.00 |
